# अरविंद, नीलम ने मवाना शुगर्स इंडियन ओपन मैराथन जीती

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के अरविंद कुमार यादव और महाराष्ट्र की नीलम मारुति कदम ने रविवार को यहां मवाना शुगर्स इंडियन ओपन मैराथन का क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का ख़िताब जीत लिया। सुबह काफी सर्दी होने के बावजूद मैराथन में 12500 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। अरविंद और नीलम को मैराथन वर्ग में खिताब जीतने के लिए ढाई-ढाई लाख रुपए और उनके वजन के बराबर मवाना शुगर क्यूब्स दी गई। पिछले साल के उपविजेता अरविंद ने दो घंटे 21 मिनट और 44 सेकेंड के समय के साथ खिताब जीता। महिला वर्ग में नीलम ने तीन घंटे एक मिनट और दो सेकेंड का समय लिया।